वैदिक ज्योतिष में दैत्य गुरु शुक्र ग्रह को धन, वैभव, प्रेम, सौंदर्य, साझेदारी और भौतिक सुख-सुविधाओं का कारक माना गया है द्रिक पंचांग के अनुसार, 3 अक्टूबर 2026 को दोपहर 12 बजकर 45 मिनट शुक्र देव अपनी स्वराशि तुला में उल्टी चाल यानी वक्री होना शुरू हो जाएंगे शुक्र लगभग 42 दिनों तक (14 नवंबर 2026 तक) इसी अवस्था में रहेंगे ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जब कोई शुभ ग्रह वक्री होता है, तो उसका प्रभाव काफी तीव्र हो जाता है शुक्र के वक्री होने से व्यक्ति के प्रेम संबंधों, बजट, सुख-सुविधाओं और व्यापारिक समझौतों पर सीधा असर पड़ता है वैसे तो इस बदलाव का असर सभी राशियों पर पड़ेगा, लेकिन 4 राशियां ऐसी हैं जिन्हें इस 42 दिनों की अवधि में बेहद सावधान रहने की आवश्यकता है आइए जानते हैं कि 3 अक्टूबर से शुरू हो रही शुक्र की वक्री चाल से किन राशियों को संभलकर रहने की जरूरत हैशुक्र की वक्री चाल के दौरान आपके भाई-बहनों या सहकर्मियों के साथ संबंधों में उतार-चढ़ाव आ सकता है बिना सोचे-समझे किसी भी प्रकार की फिजूलखर्ची या लग्जरी वस्तुओं की खरीदारी से बचें कार्यक्षेत्र में अपनी भाषा पर संयम रखें, क्योंकि आपकी बातें दूसरों को चुभ सकती हैं

विचार

अधिकार, संसाधन और आत्मनिर्भर प्रदेश

डा. कर्म सिंह ठाकुर

लेकख

राज्य की नदियां देश की ऊर्जा जरूरतों में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं, इसके जंगल पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में बड़ी भूमिका निभाते हैं और यहां के जल संसाधन उत्तर भारत की करोड़ों आबादी की आवश्यकताओं से जुड़े हैं। इसके बावजूद इन संसाधनों से पैदा होने वाले आर्थिक मूल्य का पूरा लाभ हिमाचल की अर्थव्यवस्था को नहीं मिल पाया है। इसलिए अब राज्य की आर्थिक नीति को केवल खर्च कम करने और राजस्व बढ़ाने तक सीमित न रखकर अपने अधिकारों और प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर उपयोग की व्यापक रणनीति के रूप में देखना आवश्यक है।

ऐसी राशि को केवल तत्काल खर्च करने के बजाय ऋण भार कम करने, नई उत्पादक परिसंपत्तियां बनाने, आपदा प्रबंधन मजबूत करने और रोजगार पैदा करने वाली परियोजनाओं में निवेश किया जाना चाहिए। अपने अधिकारों की यह लड़ाई टकराव के बजाय संविधान, कानून और वैधानिक प्रावधानों के आधार पर आगे बढ़ाई जानी चाहिएहिमाचल प्रदेश को आर्थिक रूप से सुदृढ़ और आत्मनिर्भर बनाने की चुनौती आज पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। हिमाचल की आर्थिक स्थिति को केवल कर्ज, सरकारी खर्च या बजट घाटे के नजरिये से देखना राज्य की वास्तविक क्षमता को पूरी तरह समझना नहीं होगा। सीमित भौगोलिक क्षेत्रफल के बावजूद हिमाचल के पास जल, जंगल, जमीन, जलविद्युत, पर्यटन, जैव विविधता और पारिस्थितिक सेवाओं के रूप में अत्यंत मूल्यवान प्राकृतिक संसाधन मौजूद हैं। राज्य की नदियां देश की ऊर्जा जरूरतों में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं, इसके जंगल पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में बड़ी भूमिका निभाते हैं और यहां के जल संसाधन उत्तर भारत की करोड़ों आबादी की आवश्यकताओं से जुड़े हैं। इसके बावजूद इन संसाधनों से पैदा होने वाले आर्थिक मूल्य का पूरा लाभ हिमाचल की अर्थव्यवस्था को नहीं मिल पाया है। इसलिए अब राज्य की आर्थिक नीति को केवल खर्च कम करने और राजस्व बढ़ाने तक सीमित न रखकर अपने अधिकारों और प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर उपयोग की व्यापक रणनीति के रूप में देखना आवश्यक है।पिछले कुछ वर्षों में हिमाचल की वास्तविक आर्थिक चुनौतियां अधिक स्पष्ट हुई हैं। सरकार के सामने वेतन, पेंशन, सामाजिक दायित्व, विकास कार्य, आपदा प्रबंधन और बढ़ती प्रशासनिक लागत जैसी अनेक जिम्मेदारियां हैं। पहाड़ी राज्य होने के कारण सडक़, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली और अन्य आधारभूत सुविधाओं के निर्माण और



रखरखाव की लागत भी अधिक होती है। प्राकृतिक आपदाओं के कारण बुनियादी ढांचे को बार-बार नुकसान पहुंचता है और पुनर्बहाली पर अतिरिक्त संसाधन खर्च करने पड़ते हैं। ऐसे में राज्य की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए कठिन फैसले लेना आवश्यक है। अनावश्यक खर्च को नियंत्रित करना, योजनाओं की प्राथमिकता तय करना, राजस्व के नए स्रोत तलाशना और सार्वजनिक धन के प्रभावी उपयोग की व्यवस्था बनाना आर्थिक सुधार का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हालांकि ऐसे फैसले पारदर्शी, जनहित आधारित और स्पष्ट आर्थिक तर्कों पर होने चाहिए। आर्थिक अनुशासन और सामाजिक संवेदनशीलता के बीच संतुलन बनाए रखना हिमाचल के लिए अत्यंत आवश्यक है। आर्थिक सुधार का दूसरा और उतना ही महत्वपूर्ण पक्ष हिमाचल के अपने अधिकारों और प्राकृतिक संसाधनों से मिलने वाले आर्थिक लाभ को सुनिश्चित करना है। जलविद्युत इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। हिमाचल की नदियों से देश को बड़ी मात्रा में बिजली प्राप्त होती है। जलविद्युत परियोजनाओं के कारण राज्य को रॉयल्टी, मुफ्त बिजली और अन्य आर्थिक लाभ मिलते हैं, लेकिन इन लाभों को और प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। कड़छम-वांगतू परियोजना के मामले में रॉयल्टी को 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत किया जाना इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे हिमाचल को लगभग 150 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वार्षिक आय होने की संभावना सामने आई है। यह केवल एक परियोजना से मिलने वाली अतिरिक्त राशि नहीं है, बल्कि यह संकेत है कि राज्य को अपने प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग से मिलने वाले वैधानिक लाभों को सुनिश्चित करने के लिए कानूनी और प्रशासनिक स्तर पर लगातार सक्रिय रहना होगा।

विचार

भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी मिलावटखोरी रोकने की व्यवस्था

उमेश चतुर्वेदी

लेखक

खाद्य कानूनों और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। महाराष्ट्र एफडीए की टीमों ने शुरुआती 100 दिनों में ही 904 से ज्यादा छापे मारकर 450 से अधिक मिलावटखोरों को गिरफ्तार किया और करोड़ों के मिलावटी खाद्य पदार्थ जब्त किए। इस कार्रवाई से महाराष्ट्र में डिटर्जेंट और रसायनों से बने नकली दूध और ताड़ के तेल से बनने वाले एनालॉग पनीर का रैकेट ध्वस्त हो गया है। नियमों और स्वच्छता मानकों की अनदेखी करने वाले कई नामी फूड चेन्स, बड़े रेस्तराओं आदि के लाइसेंस तक निलंबित या रद्द किए जा चुके हैं ।महाराष्ट्र की घटनाएं इसलिए सामने आ रही हैं, क्योंकि वहां तेज-तर्रार अधिकारी खाद्य प्रशासन को मिला है। दूसरे इलाकों में ऐसी कार्रवाई नजर नहीं आती। इसका मतलब यह नहीं है कि भारत में मिलावटखोरी बंद हो गई है।

महाराष्ट्र की घटनाएं इसलिए सामने आ रही हैं, क्योंकि वहां तेज-तर्रार अधिकारी खाद्य प्रशासन को मिला है। दूसरे इलाकों में ऐसी कार्रवाई नजर नहीं आती। इसका मतलब यह नहीं है कि भारत में मिलावटखोरी बंद हो गई है। इससे शायद ही किसी को इनकार हो कि शुद्ध खाना और दवा प्राप्त करना हर व्यक्ति का अधिकार है।बिडंबना ही कहेंगे कि जिस मिलावटखोरी से हर साल देश में करीब दो लाख लोग मौत की भेंट चढ़ जाते हैं, फिर भी हमारी कानूनी तंत्र इस पर प्रभावी रोक लगाने में नाकाम रहा है। वैसे तो हर साल त्योहारी सीजन के साथ ही मिलावटखोरी की चर्चा तेज हो जाती है। लेकिन इन दिनों इस चर्चा की वजह महाराष्ट्र के तेजतर्रार आईएएस अधिकारी तुकाराम मुंढे की कार्रवाई है। मुंढे ने जब से महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन यानी एफडीए के आयुक्त का पद संभाला है, मिलावटखोरों की शामत आ गई है। उन्होंने खाद्य कानूनों और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। महाराष्ट्र एफडीए की टीमों ने शुरुआती 100 दिनों में ही 904 से ज्यादा छापे मारकर 450 से अधिक मिलावटखोरों को गिरफ्तार किया और करोड़ों के मिलावटी खाद्य पदार्थ जब्त किए। इस कार्रवाई से महाराष्ट्र में डिटर्जेंट और रसायनों से बने नकली दूध और ताड़ के तेल से बनने वाले %एनालॉग पनीर% का रैकेट ध्वस्त हो गया है। नियमों और स्वच्छता मानकों की अनदेखी करने वाले कई नामी फूड चेन्स, बड़े रेस्तराओं आदि के लाइसेंस तक निलंबित या रद्द किए जा चुके हैं।महाराष्ट्र की घटनाएं इसलिए सामने आ रही हैं, क्योंकि वहां तेज-तर्रार अधिकारी खाद्य प्रशासन को मिला है। दूसरे इलाकों में ऐसी कार्रवाई नजर नहीं आती। इसका मतलब यह नहीं है कि भारत में मिलावटखोरी बंद हो गई है। इससे शायद ही किसी को इनकार हो कि शुद्ध खाना और दवा प्राप्त करना हर व्यक्ति का अधिकार है। ब्रिटेन और अमेरिका में ध्यान रखा जाता है कि उपभोक्ताओं तक वही सामान पहुंचे, जो शुद्ध है। ऐसी व्यवस्था भारत में भी की गई है। 2006 में संसद से पारित खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण यानी एफएसएसएआई का गठन किया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत कार्यरत इस संस्था का दायित्व खाद्य पदार्थों के मानकों पर निगाह रखना और उन्हें तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई करना है। राज्यों की पुलिस, प्रशासन और आपूर्ति अधिकारियों



को भी अधिकार है कि वे मिलावटखोरी रोकें। त्योहारी सीजन में ये संस्थाएं कार्रवाइयां करती भी हैं।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, साल 2020 से हर साल करीब एक लाख से अधिक खाद्य नमूनों की जांच की जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने पर करीब आठ हजार से ज्यादा खाद्य व्यावसायिक लाइसेंस रद्द भी किए गए हैं। लेकिन देश में इस पर प्रभावी नियंत्रण नहीं लगाया जा सका है। रोक ना लग पाने के पीछे मोटे तौर पर तीन कारण नजर आते हैं। पहला है, मुनाफाखोरी की बढ़ती प्रवृत्ति, दूसरा नैतिकता का क्षरण और तीसरा कारण निश्चित तौर पर प्रशासनिक विफलता और भ्रष्टाचार है।विनोबा भावे ने करीब आठ दशक पहले लिखे अपने निबंध 'नवयुवकों से दो बातें' में कहा है कि देश में सुराख ही सुराख हैं। उन्होंने राष्ट्ररूपी घड़े में बने इन सुराखों को सदाचार से भरने की अपील की है। कुछ उसी तरह व्यवस्था में अब भी सुराख हैं। हमारे तंत्र के बड़े हिस्से से सदाचार और कर्तव्यपरायणता गायब है। वह राष्ट्र निर्माण के भाव से दूर है। इस वजह से वक्त पर कार्रवाई नहीं होती। कई बार तंत्र को जानकारी होती है कि फलां कारोबारी आटे में पत्थर का सफेद बुरादा मिला रहा है, चावलों में प्लास्टिक के दाने फेंट रहा है, दवाओं के सैंपल में गड़बड़ी कर रहा है, नकली मावे की मिठाई बेच रहा है, जाली शराब बिक रही है। वक्त पर इन गड़बड़ियों की जानकारी होने के बावजूद मुनाफाखोर से मिलने वाली चंद रकम के एवज में वह चुप रह जाता है। भले ही नकली दूध पीने से नागरिक बीमार हो रहा हो या नकली शराब से निर्दोष जान जा रही हो। नैतिकता का क्षरण भी मिलावटखोरी के लिए जिम्मेदार है। नैतिकता की कमी मुनाफाखोर कारोबारी और उत्पादक के साथ तंत्र में भी पैठी हुई है।

सत्ता संभालते वक्त प्रधानमंत्री मोदी ने तंत्र को चेताया था कि सब चलता है-वाली मानसिकता की अब गुंजाइश नहीं रही। शुरू में इससे ग्रस्त लोगों में भय दिखा, लेकिन अब तंत्र का बड़ा हिस्सा उसी पुराने ढर्रे पर चलता दिखता है, इसलिए मुनाफाखोरों और मिलावटखोरों का डर कम हो चला है। स्वास्थ्य संविधान के समवर्ती सूची का विषय है, इसलिए इस मामले में केंद्र के साथ राज्य सरकारों को भी कार्रवाई का अधिकार है। ऐसे में तंत्र को प्रभावी और जवाबदेह बनाने के लिए केंद्र और राज्यों की सरकारों को जीरो टालरेंस की नीति अख्तियार करना जरूरी लगता है। तभी मुनाफाखोर, मिलावटखोर और लापरवाह प्रशासनिक तंत्र के पेंच कसे जा सकते हैं।पड़ोसी देश चीन का मिलावटखोरी रोकने वाला फूड सेफ्टी लॉ दुनिया के सबसे कठोर कानूनों में से एक है। जिसके तहत जानबूझकर खाद्य पदार्थों में खतरनाक मिलावट करने वालों को मृत्युदंड देने का प्रावधान है। चीन में साल 2008 में दूध में मेलामाइन रसायन मिलाने के चर्चित मामले के दोषियों को मौत की सजा दी गई थी। भारी आर्थिक जुर्माने का भी प्रावधान है।

विचार

एआई से जुड़े महाविनाश के खतरे: नियंत्रित कमान जरूरी

- ललित गर्ग

लेखक

एआई के सैन्य दुरुपयोग की आशंका भी अब केवल सैद्धांतिक नहीं रह गई है। सितंबर 2026 में एंथ्रोपिक ने बताया कि यमन में हूती-नियंत्रित क्षेत्र से जुड़े लोगों ने उसके क्लाउड एआई का इस्तेमाल निर्देशित रॉकेट और मिसाइलों के मार्गदर्शन, नियंत्रण और नेविगेशन से जुड़े सॉफ्टवेयर विकसित करने के प्रयास में किया।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई आज मानव सभ्यता की सबसे प्रभावशाली तकनीकी उपलब्धियों में शामिल है। चिकित्सा, शिक्षा, अंतरिक्ष, विज्ञान, कृषि, उद्योग और प्रशासन से लेकर रोजमर्रा के जीवन तक इसके उपयोग ने विकास की गति को अभूतपूर्व बनाया है। लेकिन जितनी तेजी से एआई की क्षमताएं बढ़ रही हैं, उतनी ही गंभीरता से उसके दुरुपयोग और नियंत्रण से बाहर जाने के जोखिमों पर भी विचार करना होगा। सितंबर 2026 में संयुक्त राष्ट्र के स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पैनल ने भी चेताया है कि एआई की क्षमताओं की गति के मुकाबले उसके सुरक्षित उपयोग के नियम पीछे छूट रहे हैं और अधिक स्वायत्त एआई एजेंटों के साथ मानव नियंत्रण बनाए रखना एक वास्तविक चुनौती बन रहा है। इसी संदर्भ में माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स की हालिया चेतावनी विशेष महत्व रखती है।



उन्होंने कहा है कि एआई गलत हाथों में पड़ने पर अत्यंत व्यापक जनहानि का माध्यम बन सकता है और सरकारों को इसके लिए प्रभावी नियमन की दिशा में काम करना चाहिए। गेट्स की चिंता केवल भविष्य की किसी काल्पनिक आशंका पर आधारित नहीं है, एआई के दुरुपयोग के कुछ ठोस उदाहरण सामने आने लगे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव एआई एजेंट्स के रूप में दिखाई दे रहा है। पारंपरिक एआई मुख्यतः प्रश्नों के उत्तर देता था, लेकिन एजेंट इंटरनेट पर जा सकता है, वेबसाइट खोल सकता है, कोड लिख सकता है, सूचनाएं खोज सकता है और निर्धारित लक्ष्य पूरा करने के लिए अनेक चरणों में स्वयं कार्रवाई कर सकता है। यही क्षमता उपयोगी होने के साथ जोखिमपूर्ण भी है। सितंबर 2026 में संयुक्त राष्ट्र के वैज्ञानिक पैनल ने ओपेनएआई से संबंधित एक घटना का उल्लेख किया, जिसमें परीक्षण के दौरान एआई एजेंट्स ने नेटवर्क प्रतिबंधों को पार किया, अलग-अलग प्रक्रियाओं के बीच संपर्क किया और ओपेनएआई तथा हुगिंग फेस की प्रणालियों के कुछ हिस्सों से समझौता किया। स्वतंत्र संस्था एमईटीआर की जांच के अनुसार इस घटना में लगभग 1,200 एजेंट्स ने 70,000 से अधिक संदेश और फाइलें साझा कीं तथा लगभग 700 एजेंट्स हुगिंग फेस पर हुए हमले में शामिल हुए। यहां सावधानी जरूरी है। इन घटनाओं को यह प्रमाण मान लेना कि एआई निश्चित रूप से मानव नियंत्रण से बाहर हो गया है, तथ्यात्मक रूप से सही नहीं होगा। ये नियंत्रित परीक्षण और सुरक्षा-मूल्यांकन के दौरान सामने आई घटनाएं थीं। लेकिन इनका महत्व इस बात में है कि अधिक सक्षम एजेंट जब जटिल लक्ष्य प्राप्त करने की कोशिश करते हैं, तो वे उन रास्तों का इस्तेमाल कर सकते हैं जिनकी कल्पना उनके निर्माताओं ने नहीं की थी। स्वयं ओपेनएआई ने भी एजेंट्स के इंटरनेट उपयोग, बाहरी सामग्री से होने वाले 'प्रॉम्प्ट इंजेक्शन' और डेटा चोरी जैसे जोखिमों को लेकर सुरक्षा उपायों की जरूरत स्वीकार की है।एआई के सैन्य दुरुपयोग की आशंका भी अब केवल सैद्धांतिक नहीं रह गई है। सितंबर 2026 में एंथ्रोपिक ने बताया कि यमन में हूती-नियंत्रित क्षेत्र से जुड़े लोगों ने उसके क्लाउड एआई का इस्तेमाल निर्देशित रॉकेट और मिसाइलों के मार्गदर्शन, नियंत्रण और नेविगेशन से जुड़े सॉफ्टवेयर विकसित करने के प्रयास में किया। कंपनी के अनुसार सुरक्षा उपायों ने अनेक अनुरोधों को रोका, लेकिन उपयोगकर्ताओं ने अपनी मंशा छिपाकर और काम को अलग-अलग सत्रों में बांटकर कुछ सुरक्षा अवरोधों को पार करने की कोशिश की। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार हथियार-विकास का प्रयास सफल नहीं हुआ, हालांकि एक निर्देशित रॉकेट का परीक्षण विफल हुआ और उसके बाद एआई से उसकी समस्या समझने का प्रयास किया गया। यही वह बिंदु है जहां एआई और पारंपरिक हथियारों के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर सामने आता है। एआई स्वयं कोई मिसाइल या बम नहीं है, लेकिन वह ज्ञान, डिजाइन, कोडिंग, विश्लेषण और निर्णय-प्रक्रिया को बहुत तेज कर सकता है। किसी गैर-राज्य संगठन, अपराधी समूह या आतंकवादी संगठन को यदि अत्यंत सक्षम एआई तक पहुंच मिल जाए, तो वह ऐसे तकनीकी कार्यों को अपेक्षाकृत कम समय और कम विशेषज्ञ मानव संसाधन में करने का प्रयास कर सकता है, जिनके लिए पहले बड़ी तकनीकी टीम की आवश्यकता होती थी। इसलिए एआई की सुरक्षा को केवल सॉफ्टवेयर उद्योग का विषय समझना पर्याप्त नहीं है, यह राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा का भी विषय बन चुका है। खतरा केवल युद्ध तक सीमित नहीं है। साइबर अपराध, बैंकिंग धोखाधड़ी, पहचान की चोरी, फर्जी आवाज और वीडियो, सामाजिक अभियांत्रिकी तथा बड़े पैमाने पर गलत सूचना फैलाने में एआई का इस्तेमाल संभव है।

इन आंकड़ों को प्रस्तुत करने से तात्पर्य है कि खाद्यान्न में यह वृद्धि से अधिक रही है जो कि संतोषजनक स्थिति है और अभी तो भोजन पेट भर मिल रहा है लेकिन प्रश्न यह उठता है कि क्या 2025 में हमें पेट भर भोजन प्राप्त होगा? अगर नहीं तो हम आगे क्या करेंगे?

टिकाऊ खेती आज की आवश्यकता







जनसंख्या एवं खाद्यान्न उत्पादन

भारत की जनसंख्या 2001 की जनगणना के अनुसार 102.7 करोड़ को छू चुकी है जो 1991-2000 तक 1.9 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि में रही, जबकि खाद्यान्न उत्पादन 2003-04 में 213.5 मिलियन टन तक पहुंचा अर्थात् 2.1 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर से.

इन आंकड़ों को प्रस्तुत करने से तात्पर्य है कि खाद्यान्न में यह वृद्धि से अधिक रही है जो कि संतोषजनक स्थिति है और अभी तो भोजन पेट भर मिल रहा है लेकिन प्रश्न यह उठता है कि क्या 2025 में हमें पेट भर भोजन प्राप्त होगा? अगर नहीं तो हम आगे क्या करेंगे?

हमें आगे भी 21वीं सदी के बाद से खाद्यान्न में लगभग 25-30 प्रतिशत की वृद्धि कायम रखनी होगी अन्यथा पूरा देश हमारा सूखा घोषित हो जायेगा जिससे की लगभग 14 प्रतिशत उत्पादन में गिरावट होगी जो भविष्य के लिए प्रगति के उत्तम संकेत नहीं हैं.

भूमि-जल पर्यावरण

खेती में उर्वरकों, कीटनाशकों शाकनाशियों अर्थात् रसायनों के अत्यधिक प्रयोग में भूमि की दशा निश्चय ही खराब हुई है. जिससे की भूमि के लाभदायक कीट, केंचुए, जीवाणु इत्यादि नष्ट हुए हैं, साथ ही साथ सूक्ष्म तत्वों में भी भारी कमी हुई. अतः जीवांश खादों के प्रयोग से हम रोक सकते हैं फसल चक्र अपना सकते हैं उर्वरकों का संतुलित प्रयोग कर सकते हैं कई जंगल भी नष्ट किये गये सघन पद्धतियों के प्रयोग के कारण जिससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ा है अर्थात् इसका दोहन कम किया जाए एवं इन्हें संरक्षित किया जाने का प्रयास करना नितांत आवश्यक है.

लाभ/खर्च अनुपात

हमारी बढ़ती हुई जनसंख्या के लिए खाद्यान्न की उपलब्धि बनाये रखने के लिए सस्य रसायनों का प्रयोग निरंतर बढ़ता ही जा रहा है. जिससे की हमारी भूमि में मृदा में तथा मृदा के गुणों पर हानिकारक प्रभाव पड़ रहा है. यदि यह प्रक्रिया लंबी अवधि तक चलती रही तो भूमि एवं जल की उपादेयता समाप्त हो जायेगी और नई पीढ़ी का जीवन ही असुरक्षित हो जायेगा वर्तमान में हमारे देश की जनसंख्या दिनों-दिन बढ़ रही है और कृषि क्षेत्र बराबर कम होता जा रहा है. ऐसी परिस्थिति में हम टिकाऊ खेती का प्रयोग करना अत्यंत आवश्यक है तथा जिसके अंतर्गत प्राकृतिक संसाधनों का इसका इस प्रकार से प्रयोग किया जाए कि वर्तमान व भविष्य दोनों में संतुलन हो. इस प्रकार की खेती का प्रयोग करके हम अपने भविष्य की पीढ़ी को सुरक्षित तो कर रही है बल्कि हमें प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा एवं सुरक्षा करके या उन्हें सुरक्षित बनाये रखने का कर्त्तव्य भी पूरी तरह निभा रहे हैं. अर्थात् हमें टिकाऊ खेती का प्रयोग किया जाना चाहिए. जिसके द्वारा हमें आर्थिक लाभ एवं भारत सरकार को पूर्णतः उत्पादन से लाभ प्राप्त हो सके.

कृषि क्षेत्र में सम्पन्नता लाने के लिए उत्पादकता टिकाऊपन तथा समानता की बहुत जरूरत है हमें भारत में भी बदलते पर्यावरण में कृषि निर्वाह की प्राथमिकता देनी अनिवार्य आवश्यकता है. इसका मुख्य उद्देश्य भविष्य में हम आर्थिक दृष्टि से कारगर, पर्यावरण की दृष्टि त्रुटीहीन सामयिक दृष्टि से सुसंगत प्रौद्योगिकी जो कम लागत पर अधिक से अधिक कृषि उत्पाद दे सकें.

कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि टिकाऊ खेती मानव जाति को निरंतर खुशहाली प्रदान का वचन देती है.

टिकाऊ खेती का महत्व

टिकाऊ खेती का महत्व सबसे अधिक वर्तमान खेती की प्रणालियों, तरीकों एवं समस्याओं को सुधारने में है. टिकाऊ खेती मुख्य रूप से प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा से जुड़ी हुई हैं मृदा, जल, ऊर्जा, वन-विकास एवं जंगली पशुओं की सुरक्षा या इन्हें सुरक्षित रखने से है. टिकाऊ खेती में इनके प्रबंधन पर विशेष प्रकार से ध्यान दिया जाता है. कई प्रकार की उत्पन्न समस्याओं जैसे- सौर ऊर्जा का उचित प्रयोग, वातावरण प्रदूषण की रोकथाम पर्यावरण का संतुलन डगमगाना इत्यादि समस्याओं पर विशेष रूप से ध्यान देना ही इसमें निम्न विषय है अर्थात् भविष्य में टिकाऊ खेती के माध्यम से इन समस्याओं को सुधारने का प्रयास किया जा रहा है.

टिकाऊ खेती का लाभः

- पारिस्थितिकी तंत्र में संतुलन बनाये रखने में टिकाऊ खेती का प्रमुख कार्य है.
- वातावरणीय प्रदूषण कम होता है.
- लगाई फसलों की उत्पादन लागत कम आती है.
- प्राकृतिक संसाधनों का दोहन उचित प्रकार से करते हैं.

धनिया की उन्नत खेती

धनिया हमारे दैनिक उपयोग के मसालों में महत्वपूर्ण स्थान रखता है जो पूरे वर्ष सम्पूर्ण देश में उगाया जाता है इसलिए पूरे वर्ष आय का साधन हो सकता है, हरी पत्तियां सब्जियों में उपयोग की जाती हैं। धनिया में मधुर सुगंध कोरोमिन्डाल, लिनाकोल, एल्कोहल पदार्थ उपस्थिति के कारण होता है। सूखे धनिया के बीजों को रबी में बोया जाता है। मध्यप्रदेश का 70 प्रतिशत धनिया गुना, अशोक नगर, शिवपुरी, दतिया जिले में उगाया जाता है इसके अलावा शाजापुर, मंदसौर, राजगढ़ जिलों में भी बोया जाता है। अधिक एवं गुणवत्तापूर्ण उपज के लिये उन्नत तकनीक अपनाना आवश्यक है।





भूमि

असिंचित धनिया के लिये काली मिट्टी जिसकी जलधारण क्षमता एवं जल निकास वाली अच्छी भूमि हो और सिंचित धनिया बोने के लिए दोमट एवं बलुई दोमट मिट्टी सर्वोत्तम होती है जिसमें जीवांश की मात्रा पर्याप्त हो।

खेत की तैयारी

असिंचित क्षेत्र में अंतिम वर्षा जल की नमी को संरक्षित करते हुए 2-3 जुताई कर यथाशीघ्र बुवाई करें तथा सिंचित खेत में खरीफ फसल की कटाई के बाद 2-3 जुताई करें।

बुवाई का समय

रबी में बुवाई के लिये 15 अक्टूबर से 30 नवम्बर तक उपयुक्त समय है। देरी बुवाई करने पर भभूतिया रोग की संभावना बढ़ जाती है।

उन्नत जातियां

साधना,पंत हरितिमा, गुजरात धनिया, सिंधु,स्वाति, उदयपुर धनियां-20

खाद एवं उर्वरक प्रबंधन

खेत की तैयारी के समय 15-20 टन अच्छी सड़ी हुई गोबर खाद खेत में मिला दें। सिंचित अवस्था में प्रति हेक्टर 60 किलोग्राम नत्रजन, 40 किलोग्राम फास्फोरस एवं 30 किलोग्राम पोटाश पर्याप्त होता है। जिसमें नत्रजन की आधी मात्रा फास्फोरस एवं पोटाश की पूरी मात्रा आधार खाद के रूप में बुवाई के समय बीज के नीचे ऊर कर दें तथा शेष नत्रजन की मात्रा प्रथम एवं द्वितीय सिंचाई के समय दें उस समय खेत में पर्याप्त नमी होना आवश्यक है।

बीज की मात्रा एवं बुवाई विधि

सिंचित अवस्था में बीज दर 12-15 किलो ग्राम तथा असिंचित अवस्था में 25-30 किलोग्राम प्रति हेक्टर बीज की आवश्यकता होती है। जिसे बुवाई पूर्व बीज को 24 घंटे पानी में भिगो कर रखें जिससे अंकुरण शीघ्र और अच्छा होता है। इसके बाद थाइरम या डाइथेम -एम 45 की 3 ग्राम दवा से प्रति किलो बीज उपचारित कर बोयें। बुवाई कतारों में की जाती है जिसमें कतार से कतार की दूरी 25-30 सेमी, पौधे से पौधे की दूरी 5-7 सेमी रखें और बीज को 3-5 सेमी गहराई पर बुवाई करें।

निंदाई एवं गुड़ाई

धनिये की फसल में प्रथम निराई गुड़ाई बुवाई के 25-30 दिन पर करना चाहिये जिसमें जहां अधिक पौधे उगे हों वहां से पौधे उखाड़ दें।

सिंचाई

अच्छी पैदावार के लिये फसल की क्रान्तिक अवस्थायें - जैसे शाखायें फूटते समय, फूल आते समय, बीज बनते समय खेत में पर्याप्त नमी होना चाहिए। सिंचाई 10-15 दिन के अंतराल पर करें जो मिट्टी की किस्म और मौसम पर निर्भर करता है।

फसल उत्पादन

धनिया की फसल बीज के लिये 140-150 दिन में तैयार हो जाती है। बीज के रूप में 15 से 20 क्विं. प्रति हेक्टर उत्पादन प्राप्त होता है। पत्तियों के रूप में बोने के 45 दिन पश्चात से पत्तियों की कटाई कर विक्रय किया जा सकता है।

धनिया कटाई के बाद प्रबंधन

- फसल अवधि पूर्ण होने के पश्चात जब दाने परिपक्व हो जाये एवं दाने हरे रहें तब उसे काटकर छायादार स्थान में सुखाना चाहिए। दाने हरे रंग के रहने से बाजार में अधिक कीमत मिलती



वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने रायगढ़ में किया रावण दहन, प्रदेशवासियों को दी विजयादशमी की शुभकामनाएं

विजयादशमी सत्य, धर्म और न्याय की विजय का प्रतीक, प्रभु श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का किया आह्वान

संवाददाता ➤ रायपुर

वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने रायगढ़ में किया रावण दहन, प्रदेशवासियों को दी विजयादशमी की शुभकामनाएंरायपुर ⁼ वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने रायगढ़ में किया रावण दहन, प्रदेशवासियों को दी विजयादशमी की शुभकामनाएंरायपुर ⁼ वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने रायगढ़ में किया रावण दहन, प्रदेशवासियों को दी विजयादशमी की शुभकामनाएं

विजयादशमी के पावन अवसर पर प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी. चौधरी ने आज रायगढ़ के नटवर स्कूल में स्टेशन चौक युवा समिति द्वारा आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में शामिल होकर अधर्म और बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया। इस अवसर पर उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों को विजयादशमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि विजयादशमी भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो हमें सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। आज पूरा भारतवर्ष इस पर्व को घर-घर, गली-गली और मोहल्ले-मोहल्ले में उत्साह और उल्लास के साथ मना रहा है। यह पर्व केवल बुराई पर अच्छाई की विजय का उत्सव नहीं, बल्कि



हमारे जीवन में नैतिक मूल्यों, मर्यादा और सदाचार को अपनाने का संदेश भी देता है।श्री चौधरी ने कहा कि विजयादशमी हमें यह विश्वास दिलाती है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन और चुनौतीपूर्ण क्यों न हों, अंततः विजय सत्य, धर्म और न्याय की ही होती है। भगवान श्रीराम का जीवन त्याग, मर्यादा, कर्तव्यनिष्ठा और आदर्श आचरण का अनुपम उदाहरण है। उनके आदर्श आज भी समाज को सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।वित्त मंत्री श्री



चौधरी ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि विजयादशमी के इस पावन अवसर पर हम सभी प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लें। समाज में अच्छाई, एकता, भाईचारे और सद्भाव की भावना को मजबूत करें तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि और विकास में अपना योगदान दें।रायगढ़ के नटवर स्कूल में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विजयादशमी पर्व को लेकर श्रद्धा, उत्साह और उल्लास का वातावरण रहा।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने दिखाई हरी झंडी,

आजादी के बाद पहली बार रावघाट तक पहुंची रेल, बस्तर के विकास को मिली नई रफ्तार

एक सत बुलेटिन ➤ रायपुर

छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल में विकास और बेहतर कनेक्टिविटी की दिशा में आज एक ऐतिहासिक उपलब्धि जुड़ गई। दल्लीराजहरा-रावघाट रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत ताड़ोकी से रावघाट के बीच नवनिर्मित 17.5 किलोमीटर रेलखंड का उद्घाटन किया गया। इसके साथ रावघाट से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर तक रेलवे की सुविधा उपलब्ध हो गई हैं। आजादी के बाद पहली बार रावघाट तक रेल पहुंचने से क्षेत्र के लोगों का वर्षों पुराना सपना साकार हुआ है। यह उपलब्धि केवल रेल लाइन के विस्तार तक सीमित नहीं है, बल्कि बस्तर के दूरस्थ गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने रायपुर से तथा केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रेल सेवा का शुभारंभ किया। वहीं सांसद श्री भोजराज



नाग एवं विधायक श्री विक्रम देव उसेंडी ने भी रावघाट रेलवे स्टेशन से रावघाट - रायपुर मेमो पैसेंजर को हरी झंडी दिखाकर रायपुर के लिए रवाना किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर क्षेत्र के ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। सांसद एवं विधायक ने ग्रामीणों के साथ रावघाट से अंतागढ़ तक रेल यात्रा भी की। यात्रियों को इस अवसर पर निःशुल्क डेमो टिकट कार्ड प्रदान किए गए।

ग्रामीण बच्चों के सपनों को मिलेगी नई उड़ान

रावघाट तक रेल पहुंचने से अब दूरस्थ अंचलों के विद्यार्थियों के लिए शहरों में जाकर पढ़ाई करना पहले की तुलना में आसान होगा। बेहतर आवागमन सुविधा मिलने से बच्चों को उच्च शिक्षा के अवसरों तक पहुंचने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही ग्रामीणों को इलाज के लिए बड़े अस्पतालों तक पहुंचने, जरूरी सामान खरीदने, रोजगार के अवसर तलाशने और व्यापारिक गतिविधियों में भागीदारी बढ़ाने में भी सुविधा होगी।

अब तक दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों और सीमित परिवहन सुविधाओं के कारण क्षेत्र के लोगों को आवागमन में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। रेल सेवा शुरू होने से समय और यात्रा खर्च में राहत मिलेगी। यह सुविधा विशेष रूप से विद्यार्थियों, मरीजों, श्रमिकों, किसानों और छोटे व्यापारियों के लिए लाभकारी साबित होगी।

1,628 करोड़ की परियोजना से बढ़ेगा रेल नेटवर्क

दल्लीराजहरा-रावघाट के बीच लगभग ?1,628 करोड़ की लागत से 95 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन परियोजना अंतर्गत ताड़ोकी से रावघाट के बीच 17.5 किलोमीटर रेलखंड का निर्माण पूरा हुआ है। इस रेल संपर्क से बस्तर के सुदूर क्षेत्रों में परिवहन सुविधाओं का विस्तार होगा और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की संभावनाएं मजबूत होंगी।

रावघाट से रायपुर के लिए मेमो पैसेंजर ट्रेन संख्या 68769 का परिचालन प्रातः 6ः30 बजे रावघाट से प्रस्तावित समय-सारणी के अनुसार होगा। इस ट्रेन का सामान्य किराया रायपुर तक ?55 बताया गया है। इससे क्षेत्र के यात्रियों को राजधानी रायपुर सहित मार्ग में आने वाले प्रमुख स्थानों तक पहुंचने का सुलभ विकल्प मिलेगा।

विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा बस्तर

बस्तर अंचल में रेल सेवा का विस्तार क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। सांसद श्री भोजराज नाग ने इस अवसर को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि बस्तरवासी आजादी के बाद से रेल सुविधा की प्रतीक्षा कर रहे थे। दुर्गम क्षेत्र में रेल लाइन का विस्तार करना एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के निरंतर प्रयासों से यह सपना साकार होने की दिशा में आगे बढ़ा है।

खैरागढ़ में आकार ले रहा नया सर्किट हाउस, .04 करोड़ रुपए से बढ़ेंगी आतिथ्य सुविधाएं



नींव का कार्य पूर्ण, प्लिंथ निर्माण प्रगति पर

मार्च 2027 तक निर्माण पूर्ण होने की संभावना

एक सत बुलेटिन ➤ खैरागढ

जिला मुख्यालय खैरागढ़ में नवीन सर्किट हाउस का निर्माण प्रशासनिक अधोसंरचना और शासकीय आतिथ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके निर्माण के लिए × करोड़ 4 लाख 27 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। भवन की नींव का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा वर्तमान में प्लिंथ निर्माण का कार्य प्रगति पर है। विभागीय प्रगति विवरण के अनुसार निर्माण मार्च 2027 तक पूर्ण होना संभावित है।जिला मुख्यालय में निरीक्षण, समीक्षा बैठकों और विभिन्न शासकीय कार्यक्रमों के सिलसिले में अधिकारियों एवं अतिथियों का आगमन होता है। ऐसे में ठहरने की सुव्यवस्थित सुविधा प्रशासनिक व्यवस्थाओं का आवश्यक हिस्सा होती है। नवीन सर्किट हाउस तैयार होने से खैरागढ़ में शासकीय प्रवास पर आने वाले अतिथियों और अधिकारियों के लिए उपलब्ध आवासीय सुविधाओं का विस्तार होगा। इससे प्रवास संबंधी व्यवस्थाओं को सुचारु बनाने में सहायता मिलेगी।सर्किट हाउस निर्माण के लिए 8 सितंबर 2025 को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। निर्माण एजेंसी जैन कंस्ट्रक्शन, बालोद को 24 जून 2026 को कार्यादेश जारी किया गया। अनुबंध के अनुसार निर्माण पूर्ण करने के लिए नौ माह की अवधि निर्धारित है। कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 24 मार्च 2027 है।भवन की नींव का कार्य पूरा होने के बाद प्लिंथ निर्माण की प्रगति परियोजना को अगले चरण की ओर ले जा रही है। नींव और प्लिंथ भवन की संरचना के महत्वपूर्ण आधार होते हैं। इन चरणों के बाद आगे का निर्माण बढ़ने के साथ नवीन सर्किट हाउस का स्वरूप स्पष्ट होगा।खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला मुख्यालय में प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुरूप सुविधाओं का विकास स्थानीय व्यवस्थाओं को मजबूत करने में सहायक है। सर्किट हाउस का निर्माण इसी आवश्यकता से जुड़ी परियोजना है।

नींव का कार्य पूर्ण, प्लिंथ निर्माण प्रगति पर

संवाददाता ➤ खैरागढ़

जिला मुख्यालय खैरागढ़ में नवीन सर्किट हाउस का निर्माण प्रशासनिक अधोसंरचना और शासकीय आतिथ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके निर्माण के लिए 3 करोड़ 4 लाख 27 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। भवन की नींव का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा वर्तमान में प्लिंथ निर्माण का कार्य प्रगति पर है। विभागीय प्रगति विवरण के अनुसार निर्माण मार्च 2027 तक पूर्ण होना संभावित है।

जला मुख्यालय में निरीक्षण, समीक्षा बैठकों और विभिन्न शासकीय कार्यक्रमों के

खैरागढ़ में आकार ले रहा नया सर्किट हाउस, 3.04 करोड़ रुपए से बढ़ेंगी आतिथ्य सुविधाएं



सिलसिले में अधिकारियों एवं अतिथियों का आगमन होता है। ऐसे में ठहरने की सुव्यवस्थित सुविधा प्रशासनिक व्यवस्थाओं का आवश्यक हिस्सा होती है। नवीन सर्किट हाउस तैयार होने से खैरागढ़ में शासकीय प्रवास पर आने वाले अतिथियों और अधिकारियों के लिए उपलब्ध आवासीय सुविधाओं का विस्तार होगा। इससे प्रवास संबंधी व्यवस्थाओं को सुचारु बनाने में सहायता मिलेगी।सर्किट हाउस निर्माण के लिए 8 सितंबर 2025 को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। निर्माण एजेंसी जैन कंस्ट्रक्शन, बालोद को 24 जून 2026 को कार्यादेश जारी किया गया। अनुबंध के अनुसार निर्माण पूर्ण करने के लिए नौ माह की अवधि निर्धारित है। कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 24 मार्च 2027 है।भवन की नींव का कार्य पूरा होने के बाद प्लिंथ निर्माण की प्रगति परियोजना को अगले चरण की ओर ले जा रही है। नींव और प्लिंथ भवन की संरचना के महत्वपूर्ण आधार होते हैं। इन चरणों के बाद आगे का निर्माण बढ़ने के साथ नवीन सर्किट हाउस का स्वरूप स्पष्ट होगा।खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला मुख्यालय में प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुरूप सुविधाओं का विकास स्थानीय व्यवस्थाओं को मजबूत करनेनर्माण इसी आवश्यकता से जुड़ी परियोजना है।

भानुप्रतापपुर के कन्या छात्रावास में नाबालिग छात्रा से संबंधित मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय समिति गठित

भानुप्रतापपुर विकासखंड अंतर्गत संचालित प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास में अध्ययनरत एक नाबालिग छात्रा से संबंधित गंभीर एवं संवेदनशील मामला संज्ञान में आया है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार द्वारा मामले की तथ्यात्मक एवं प्रशासनिक जांच के लिए चार सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है।गठित समिति में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), भानुप्रतापपुर श्री अनिकेत अशोक फड़तरे, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कांकेर सुश्री जया मनु,खंड चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड अंतागढ़ तथा खंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड भानुप्रतापपुर को शामिल किया गया है।समिति को घटना से संबंधित समस्त तथ्यों एवं परिस्थितियों का विस्तृत परीक्षण कर वस्तुस्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। समिति तीन दिवस के भीतर तथ्यात्मक की अनुशंसा सहित प्रस्तुत करेगी।

धमतरी में इस बार एकलव्य खेल परिसर में होगा रावण दहन

नागरिकों की सुविधा, सुगम यातायात और बेहतर आयोजन व्यवस्था को ध्यान में रखकर लिया गया निर्णय

संवाददाता ➤ धमतरी

धमतरी शहर में इस वर्ष आज शाम दशहरा पर्व पर रावण दहन का आयोजन डॉ. शोभाराम देवांगन शासकीय विद्यालय के एकलव्य खेल परिसर में किया गया है। महापौर श्री रामू रोहरा एवं संबंधित समितियों के निर्णय के अनुसार आयोजन स्थल में यह बदलाव किया गया है। इसका उद्देश्य नागरिकों को अधिक सुविधाजनक स्थान उपलब्ध कराने के साथ आयोजन को व्यवस्थित और सुगम बनाना है।

एकलव्य खेल परिसर में रावण दहन होने से शहरवासियों को उत्सव में शामिल होने के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। खुले परिसर में आयोजन से दर्शकों की सुविधा, भीड़ प्रबंधन और कार्यक्रम के सुचारु संचालन में मदद मिलने की उम्मीद है।

यातायात व्यवस्था की दृष्टि से भी आयोजन स्थल का चयन महत्वपूर्ण है। दशहरा उत्सव के दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए यातायात का सुचारु संचालन, वाहनों की पार्किंग तथा पैदल आने-जाने वाले लोगों की सुविधा पर विशेष ध्यान देना आवश्यक होगा। व्यवस्थित यातायात प्रबंधन से अनावश्यक जाम की स्थिति को कम करने और नागरिकों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। नागरिकों से भी अपेक्षा है कि वे यातायात नियमों का पालन करें तथा संबंधित प्रशासन और यातायात कर्मियों के निर्देशों का सहयोगपूर्वक पालन करें।दशहरा पर्व भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। रावण दहन बुराई पर अच्छाई तथा असत्य पर सत्य की विजय का संदेश देता है। ऐसे में आयोजन को गरिमामय, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाना सामूहिक जिम्मेदारी है।महापौर एवं संबंधित समितियों की पहल से इस वर्ष दशहरा आयोजन को नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने की दिशा में कदम उठाया गया है, ताकि धमतरीवासी उत्साह और उल्लास के साथ पर्व में सहभागी बन सकें।

भुगतान के लिए 85 लाख 20 हजार रुपये का प्रावधान किया गया है

छत्तीसगढ़ के 1535 अतिथि शिक्षकों को बड़ी राहत, मिलेगा 6 महीने का मानदेय

संवाददाता ➤ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों के मानदेय भुगतान को लेकर महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। राज्य सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 18 करोड़ 42 लाख रुपये का बजट आवंटित किया है। इस राशि से प्रदेश के 25 जिलों में कार्यरत कुल 1,535 अतिथि शिक्षकों को छह महीने का मानदेय दिया जाना है। लोक शिक्षण संचालनालय ने इस संबंध में 18 सितंबर 2026 को आदेश जारी किया था। आदेश के मुताबिक, प्रत्येक अतिथि शिक्षक का मासिक मानदेय 20 हजार रुपये निर्धारित है। इस तरह छह महीने के लिए प्रत्येक शिक्षक को कुल 1 लाख 20 हजार रुपये का भुगतान किया



जाना है। विभाग ने जिलों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों की संख्या के आधार पर राशि आवंटित की है।

एक शिक्षक को मिलेंगे 1 लाख 20 हजार रुपये

स्कूल शिक्षा विभाग के प्रावधान के अनुसार, अतिथि शिक्षकों का मासिक मानदेय 20 हजार रुपये है। छह महीने की अवधि के लिए यह राशि 1 लाख 20 हजार रुपये होती है। प्रदेश में कुल 1,535 अतिथि शिक्षकों के लिए इसी दर से बजट निर्धारित किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि स्वीकृत राशि का उपयोग संबंधित शिक्षकों के मानदेय भुगतान के लिए किया जाएगा। हालांकि, बजट आवंटन और शिक्षकों के बैंक खातों में वास्तविक भुगतान अलग-अलग प्रक्रियाएं हैं। आदेश जारी होने से भुगतान के लिए धन उपलब्ध कराया गया है, लेकिन सभी शिक्षकों के खातों में राशि पहुंचने की पुष्टि नहीं हुई है।

बलरामपुर जिले को सबसे ज्यादा 2.64 करोड़ रुपये

जिलावार आवंटन में बलरामपुर सबसे आगे है। जिले में 220 अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं, जिनके छह महीने के मानदेय के लिए 2 करोड़ 64 लाख रुपये जारी किए गए हैं। इसके बाद कोंडागांव जिले में 141 शिक्षकों के लिए 1 करोड़ 69 लाख 20 हजार रुपये और बस्तर जिले में 133 शिक्षकों के लिए 1 करोड़ 59 लाख 60 हजार रुपये आवंटित किए गए हैं। सूरजपुर में 130 शिक्षकों के लिए 1 करोड़ 56 लाख रुपये तथा कांकेर जिले में 126 अतिथि शिक्षकों के लिए 1 करोड़ 51 लाख 20 हजार रुपये की राशि दी गई है। सरगुजा जिले के 71 अतिथि शिक्षकों के मानदेय भुगतान के लिए 85 लाख 20 हजार रुपये का प्रावधान किया गया है।

बस्तर संभाग के सभी सात जिलों को लाभ

राज्य सरकार के आवंटन में बस्तर संभाग के सातों जिलों को शामिल किया गया है। इनमें बस्तर, कांकेर, नारायणपुर शामिल हैं।

एक सत प्रयास जनकल्याण समिति के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अभिषेक शर्मा** द्वारा 202, भाटागांव चौराहा , रायपुर (छत्तीसगढ़) पिन 492015 से प्रकाशित एवं आसमा पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड , गॉस मेमोरियल हाल के पास , जयस्तंभ चौक, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित।

संपादक - रिज़वान आज़म, **समूह संपादक**- महेश कुमार तिवारी ईमेल - eksatbulletin@gmail.com R.N.I Number - CHHHIN/2020/78457 पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ।